भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4097
17 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि उत्पादन बढ़ाने की योजनाएँ

4097. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान देश में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा प्रारंभ की गई नई योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने हाल ही में देश में क्रियान्वयन के लिए ऐसी किसी योजना को स्वीकृति प्रदान की है;

(ग) यदि हां, तो बिहार सहित राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों को प्राप्त संभावित लाभों का बिहार सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क) भारत सरकार बिहार सहित सभी राज्यों में कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला लागू कर रही है, जिनका विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू और कार्यान्वित की गई प्रमुख योजनाओं का विवरण **अनुबंध-**II में दिया गया है।

(ख) से (घ) सरकार ने हाल ही में 11 अक्टूबर, 2025 को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन को शुरू करने की मंजूरी दी है। पीएम-डीडीकेवाई का लक्ष्य बिहार के 7 जिलों (मधुबनी, दरभंगा, बांका, गया, सिवान, किशनगंज और नवादा) सहित 100 जिलों को शामिल करना है।

पीएम-डीडीकेवाई का उद्देश्य बिहार के 7 जिलों सहित देश के लक्षित 100 जिलों में कृषि और संबद्ध क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाना है। यह 11 विभागों की 36 केंद्रीय योजनाओं, राज्य योजनाओं और निजी भागीदारी को समन्वय करता है, जिसका लक्ष्य डीडीकेवाई जिलों में उत्पादकता में सुधार करना है।

दलहन आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार ने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया है, जिसका उद्देश्य पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए घरेलू उत्पादन को सुदृढ़ करना और आयात पर निर्भरता कम करना है।

छह वर्षों की अवधि में ₹11,440 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ यह मिशन अरहर, उड़द और मसूर की खेती पर विशेष जोर देता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दलहन उत्पादन को 350 लाख टन तक बढ़ाना, खेती के क्षेत्र को 310 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने के लिए खेती क्षेत्र; विशेष रूप से धान की परती भूमि और अंतरफसल प्रणालियों में 35 लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करना, और बेहतर बीज उपलब्धता, बेहतर कृषि पद्धतियों और सुदृढ़ विस्तार समर्थन के माध्यम से उत्पादकता को 1,130 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक बढ़ाना है।

रबी 2025-26 के दौरान दलहन मिशन के कार्यान्वयन के लिए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को 483.625 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा) की निधि आवंटित की गई थी। इसके अतिरिक्त, रबी 2025-26 के दौरान दलहन मिशन के कार्यान्वयन के लिए बिहार को 51.76 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा) की निधि आवंटित की गई थी।

अनुबंध।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित प्रमुख योजनाएँ:

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)/पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)
4. संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस)
5. एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)
6. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन एवं संवर्धन
7. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन (एनबीएचएम)
8. नमो ड्रोन दीदी
9. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ)
10. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
11. स्टार्ट-अप्स एवं ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर)
12. प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी)
13. कृषि उप-मिशन मशीनीकरण (एसएमएएम)
14. परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
15. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एसएच एंड एफ)
16. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी)
17. कृषि वानिकी
18. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)
19. कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)
20. बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी)
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
22. एकीकृत कृषि विपणन योजना (आईएसएएम)
23. समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)
24. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) - ऑयल पाम
25. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) - तिलहन
26. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
27. डिजिटल कृषि मिशन
28. राष्ट्रीय बांस मिशन
29. प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना
30. दलहन आत्मनिर्भरता मिशन

अनुबंध II

क्र.सं.	योजना का नाम	प्रारंभ किए जाने का वर्ष
i.	10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन	2020-21
ii.	राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)	2020-21
iii.	एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)	2020-21
iv.	राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन – ऑयल पाम (एनएमईओ-ओपी)	2021-22
v.	कृषि वानिकी (पुनर्गठित)	2023-24
vi.	नमो ड्रोन दीदी	2023-24
vii.	डिजिटल कृषि	2024-25
viii.	स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर)	2024-25
ix.	राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन	2024-25
x.	राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तिलहन	2024-25
xi.	दलहन आत्मनिर्भरता मिशन	2025-26
xii.	प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना	2025-26

*****